50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 5.6 °c
अधिकतम 21.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219
संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:07, सूर्यास्त : 5:23 | वर्ष : 50/ अंक : 347 | रविवार, 18 दिसम्बर 2022 | पौष, कृष्ण पक्ष, दशमी, | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**
जिंदगी में बेशक मौके का फायदा उठाओ, मगर किसी के भरोसे का फ़ायदा नहीं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
चीन और पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं राहुल गांधी : जे पी नड्डा



अधीर रंजन से लेकर खड़गे तक ऐसा नहीं मानते....

# गलत फहमी में न रहे चीन, भारतीय बजा देंगे उसकी बीन

- शरणार्थी तिब्बती बोले-तिब्बत आजाद हो जाये तो भारतीय सीमा में बंद हो जायेगा चीन का दखल
- तिब्बती भारत को मानते हैं अपना दूसरा घर, कहा-मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है भारतीय सेना





**मुजफ्फरनगर, 17 दिसंबर (बु.)।** अरूणाचल प्रदेश की सीमा पर चीनी सैनिकों की हरकत को लेकर भारत में रहने वाले तिब्बती शरणार्थियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि चीन किसी गलतफहमी में न रहे। भारत भी सुपर पॉवर है, जो मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। यदि तिब्बत चीन के प्रभाव से आजाद हो जाये तो भारतीय सीमाएं खुद ब खुद सुरक्षित हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि तिब्बती भारत को अपना दूसरा घर मानते हैं और यहां के आवाम ने भी उनको पूरी मित्रता के साथ अपनाया है। सोल्जर बोर्ड में इन दिनों तिब्बती गरम कपड़ों का व्यापार करने के लिए आश्रय पाये हुए हैं। यहां कारोबार कर रहे इन तिब्बतियों में भी चीनी सैनिकों के द्वारा अरूणाचल प्रदेश से लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर की गई हरकत को लेकर रोष बना हुआ है। वो भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस को लेकर गदगद हैं। मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम ने शुक्रवार को उनके बीच पहुंचकर खास बातचीत की। उन्होंने बताया कि 1959 के बाद से लाखों की संख्या में तिब्बती भारत में शरणार्थी हो गये थे। 2008 के बाद से भारत में रहने वाले तिब्बतियों का अपनों से नाता पूरी तरह टूट गया था, क्योंकि इस साल हुए आजादी के आंदोलन को तानाशाह चीनी सरकार ने बुरी तरह कुचल दिया था। आसाम के रास्ते भारत में आये तमाम तिब्बतियों को यहां के लोगों ने मित्रता भाव से अपनाया है। शुरूआती दौर में भाषा और रहन-सहन को लेकर जरूर दिक्कत हुई, लेकिन अब यह देश अपने घर जैसा लगने लगा है। सरकार ने उन्हें देश के किसी भी हिस्से में कारोबार करने की छूट दे रखी है। तिब्बती समाज के लोग भी जीएसटी के तहत अपना कारोबार करते हुए देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। वो चाहते हैं कि तिब्बत चीन के कब्जे से मुक्त हो ताकि उन्हें अपनों के बीच जाने का अवसर मिल सके।

**तिब्बती समाज से जुड़े लोगों इन लोगों ने व्यक्त किये विचार**





**एक बार हो जाये आरपार**

स्पेशल फ्रंटियर फोर्स से सेवानिवृत्त पूर्व सैनिक सांगिल का कहना है कि चीन लगातार शांति पसंद भारत पर हावी होने का प्रयास कर रहा है। कभी सिक्किम तो कभी अरूणाचल प्रदेश के रास्ते सीमा पर छेड़छाड़ करने की कोशिश करता है। यही नहीं पाकिस्तान को भी चीन भारत के खिलाफ उकसाने का काम करता है। भारत कमजोर नहीं है, सिर्फ युद्ध से होने वाले भारी नुकसान को बचाना चाहता है। लेकिन जिस तरह चीन आये दिन सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश करता है, उससे लगता है कि वो बार-बार युद्ध को आमंत्रण दे रहा है। ऐसे में एक बार आरपार की लड़ाई हो जानी चाहिए। सांगिल के मुताबिक तिब्बत पर कब्जा होने के कारण चीन भारतीय सीमा में दखल कर पा रहा है, यदि तिब्बत आजाद हो जाये तो चीन की सेना इधर से भारतीय सीमा तक नहीं पहुंच पायेगी, क्योंकि भारत और तिब्बत की सीमा आपस में जुड़ी हैं और दोनों देशों में आपस में मित्रता है। ऐसे में सीमा सुरक्षित होने के साथ सरकार का बड़ा बजट भी कम हो सकता है।

शेष खबर पृष्ठ-4 पर

## कलेक्टर के सामने ग्रामीण ने तेल डालकर आत्मदाह की कोशिश की

**जानसठ, 17 दिसम्बर (बु.)।** तहसील जानसठ के गांव पुटठी इब्राहिमपुर निवासी ओमपाल पुत्र हरफूल अपनी मांगों पूरा कराने को तीन बार लखनऊ में मुख्यमंत्री के दरबार में भी पहुंच कर शिकायत कर चुके हैं। उनकी समस्या है कि टिकोला शुगर मिल की जमीन की नपाई कराई जाए। ग्राम सभा की भूमि की डेढ़ सौ बीघा जमीन की पैमाइश कराई जाए। वहीं शिकायतकर्ता ग्रामीण के नाम एक पट्टे की भूमि भी है, जो आज तक भूमिधर में दर्ज नहीं हुई है। पीड़ित कई बार उच्चाधिकारियों तक से शिकायत कर चुका है। उसकी समस्या का समाधान नहीं होने पर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह के समक्ष ही डीजल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिसको लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारी में हड़कंप मच गया। डीएम के निर्देश पर पीड़ित ग्रामीण को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, पुलिस ग्रामीण से पूछताछ कर रही है।



अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल ...
एस.के.बी. आरोग्यम्
मल्टी स्पेशिलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल)
अपने संस्थापक
स्व. श्री सुशील कुमार बंसल जी
के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित



निःशुल्क परामर्श महा चिकित्सा शिविर
दिनांक: बृहस्पतिवार, 29 दिसम्बर 2022 ● समय: प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन: प्रात: 8 से प्रात: 11 तक
आँखों का निःशुल्क विराट शिविर ➡ वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान (रजि0) एवं वरदान सेवा संस्थान, गाजियाबाद।
शिविर में आने वाले सभी नेत्र रोगियों की जांच के बाद–
- जरूरी दवाई मौके पर मुफ्त दी जायेगी (आंखो की)।
- मोतियाबिंद पाये जाने पर रोगी को संस्थान की बस द्वारा कैम्प से ही गाजियाबाद ले जाकर आधुनिक आई.ओ.एल. विधि से लैंस लगाते हुए ऑपरेशन किया जायेगा तथा अगले दिन सुबह रोगी को वापिस जानसठ रोड पर ही छोड़ा जायेगा, कोई तीमारदार साथ जाने की न जरूरत है और न साथ जा सकेगा।
- जाँच, लैंस, ऑपरेशन, गाजियाबाद ले जाना व वापिस छोड़ना तथा रात्रि का खाना व विश्राम की व्यवस्था सभी पूर्णत: निःशुल्क रहेगी।
- अपने गांव से हॉस्पिटल जानसठ रोड तक आने तथा हॉस्पिटल जानसठ रोड से अपने गांव वापिस लौटने की व्यवस्था रोगी को स्वयं करनी होगी।
- ऑपरेशन कराने वाले व्यक्ति का और साथ में तीमारदार का मोबाइल नं. होना आवश्यक है।

रक्तदान शिविर (रक्तदान महादान), आइये इस शिविर में रक्तदान भी करें
शिविर में उपलब्ध विशेषज्ञ डॉक्टर्स
डॉ. एम.के. बंसल, सीनियर फिजिशियन
डॉ. शिशिर कुमार, सीनियर फिजिशियन
डॉ. आर.के. भारद्वाज, M.S. (नाक, कान, गला रोग)
डॉ. रोहित व्यवहारे, M.D., FCCM (फिजिशियन)
डॉ. सोमेश कुमार गुप्ता, M.S. (हड्डी रोग)
डॉ. संदीप काले, DNB, FNB (जनरल सर्जरी)
डॉ. दीपिका नेगी, M.S. (स्त्री व प्रसूति रोग)
निःशुल्क सेवाएँ: सभी परामर्श, हाइट, वेट, शुगर, बी.पी., ई.सी.जी., पी.एफ.टी., बी.एम.डी.
50% छूट: मैडिसिन, पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी
आयोजक: प्रबंध समिति, शिशु निकेतन (रजि.), मुजफ्फरनगर
इमरजेंसी सुविधा इस शिविर में लागू नहीं है।
निकट स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर 7300740070, 7300740072

evan multi speciality hospital
मैक्स हेल्थकेयर
भारत के श्रेष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में
मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली, (गाज़ियाबाद) के सौजन्य से



डॉ. चिराग जैन
कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (ब्रैस्ट कैंसर)
मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली
दिनांक : मंगलवार, 20 दिसंबर 2022
समय : सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
स्थान : इवान हॉस्पिटल, 4 के.एम, भोपा रोड, मुज़फ्फरनगर
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
+91-8218 149 646, 8936 933 331
www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥
रस्म पगड़ी



(12.01.1949 - 06.12.2022)
अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय
श्री सुंदर लाल बिंदल
का स्वर्गवास मंगलवार 06 दिसम्बर 2022 को हो गया है।
रस्म पगड़ी रविवार 18 दिसम्बर 2022 को होनी निश्चित है।
कार्यक्रम
रविवार, 18 दिसम्बर 2022
हवन ........ प्रात: 9 बजे
ब्रह्मभोज ........ दोपहर 12 बजे
भजन ........ दोपहर 2 से 3 बजे
रस्म पगड़ी ........ सायं 3 से
स्थान: होटल डी रोज़ (Hotel D Roses), 104, करिअप्पा रोड, मेरठ कैंट, सैंट मैरी स्कूल के सामने, मेरठ
https://goo.gl/maps/2psErwQrbCxeh6u48
सम्पर्क सूत्र:
निधिश 9720700800 | सर्वम 9719648999 | अमित 9927039494
श्रद्धानवत:– आशुतोष बिंदल (पुत्र)
निवेदक: समस्त बिंदल परिवार Bindals

